भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. ***26** जिसका उत्तर

मंगलवार, 21 जुलाई, 2026 (30 आषाढ़, 1948, (शक)) को दिया जाना है

राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं की प्रगति

26 श्री ए. ए. रहीम :

क्या **पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास के लिए आवंटित, निर्गत और प्रयुक्त निधि का जलमार्ग-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) केरल में सभी राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने केरल में राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं के कार्यान्वयन में हो रही देरी की पहचान की है और यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) केरल में लंबित राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और उन्हें तेज़ी से पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

“राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं की प्रगति" के संबंध में माननीय सांसद श्री ए. ए. रहीम द्वारा दिनांक 21.07.2026 को राज्य सभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न सं. *26 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क): विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास के लिए आवंटित, निर्गत और प्रयुक्त निधि का जलमार्ग-वार और राज्य-वार ब्यौरा, अनुबंध-1 पर संलग्न है।

(ख) से (घ): केरल में सभी राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं की स्थिति, विलंब और उसके कारणों तथा समस्याओं वाली परियोजनाओं के पूरा होने की समय-सीमा का विवरण अनुबंध-2 पर दिया गया है।

आईडब्ल्यूएआई, केरल सरकार के संबंधित विभागों के साथ करीबी से समन्वयन कर रहा है और परियोजनाओं की नियमित समीक्षा एवं निगरानी कर रहा है। परियोजनाओं के समय पर पूरा किए जाने को सुगम बनाने के लिए केरल सरकार के साथ समय-समय पर बैठकें की जाती हैं

अनुबंध-1

दिनांक 21.07.2026 के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. *26 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

बजट आवंटन/व्यय का विवरण					**(करोड़ रु. में)**
क्र.सं.	**राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.)**	**राज्य**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26 (अलेखापरीक्षित)**
1. (क)	रा.ज.-1 (गंगा भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली) - जल मार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी)।	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल	501.26	501.48	616.27
1. (ख)	रा.ज.-1 (गंगा भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली) - जेएमवीपी के अलावा।	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल	163.38	97.72	98.36
2.	रा.ज.-3 (पश्चिमी तटीय नहर) रा.ज.-8 (अलाप्पुझा-चंगनास्सेरी) और रा.ज.-9 (अलाप्पुझा-कोट्टायम-अथिरामपुझा)	केरल	4.78	15.26	22.93
3.	रा.ज.-4 (कृष्णा नदी)	आंध्र प्रदेश	0.67	1.22	18.28
4.	रा.ज.-5 (महानदी डेल्टा नदियाँ)	ओडिशा	26.53	2.24	8.66
5.	**रा.ज. (नए रा.ज. सहित) के लिए अन्य योजनाएँ।**		11.25	33.48	77.52
	रा.ज.-27 (कंबरजुआ नहर), रा.ज.-68 (मांडोवी नदी) और रा.ज.-111 (ज़ुआरी नदी)	गोवा			

	रा.ज.-86 (रूपनारायण नदी) रा.ज.-44 (इच्छामती नदी) और रा.ज.-97 (सुंदरबन जलमार्ग)	पश्चिम बंगाल			
	रा.ज.-26 (चिनाब नदी), रा.ज.-49 (झेलम नदी) और रा.ज.-84 (रावी नदी)	जम्मू और कश्मीर			
	रा.ज.-51 (काबिनी नदी) और रा.ज.-90 (शरावती नदी)	कर्नाटक			
	रा.ज.-73 (नर्मदा नदी) और रा.ज.-100 (तापी नदी)	गुजरात			
6.	रा.ज.-2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और 16 (बराक नदी)	असम	261.76	432.30	232.46
	कुल		**969.63**	**1083.70**	**1074.48**

अनुबंध-2

दिनांक 21.07.2026 के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. *26 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

राष्ट्रीय जलमार्ग - 3 (केरल)			
क्र. सं.	**परियोजनाएं**	**स्थिति**	**विलंब संबंधी अभ्युक्ति/ कारण**
1	थिरिक्कुन्नपुझा में नेविगेशन लॉक-सह- सेतु का पुनर्निर्माण।	• कार्य, अंतर्देशीय नौवहन निदेशालय (आईएनडी), केरल सरकार को सौंपा गया। • दिसंबर, 2026 तक पूरा किया जाना है।	परियोजना में विलंब, स्थानीय मुद्दों और स्थल की बाधाओं के कारण हुआ।
2	चावरा में कोविल्थोट्टम पर सिंगल लेन पुल का निर्माण।	• कार्य, हार्बर इंजीनियरिंग विभाग (एचईडी), केरल सरकार को सौंपा गया। • अक्टूबर, 2026 तक पूरा किया जाना है।	परियोजना में विलंब, स्थानीय मुद्दों के कारण हुआ।
3	एडापल्लिकोटा - कोल्लम खंड में तट संरक्षण और कठोर परतों को हटाने सहित ड्रेजिंग और चौड़ीकरण कार्य।	• कार्य प्रगति पर है। • फरवरी, 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य।	स्थानीय मुद्दों और ड्रेज्ड कचरे के लिए डंपिंग ग्राउंड उपलब्ध न होने के कारण प्रगति में बाधा हुई।
4	4 एचडीपीई फ्लोटिंग जेटियों का निर्माण और नए सर्वेक्षण लॉन्च का निर्माण।	• कार्य प्रगति पर है। • नवंबर, 2026 तक पूर्ण किया	कोई विलंब नहीं

		जाना है	
5	कोच्चि वाटर मेट्रो लिमिटेड के माध्यम से अलाप्पुझा और कोल्लम में शहरी जल परिवहन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन।	पूर्ण	पूर्ण
6	हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण और वाटरवे नोटिस का प्रकाशन।	जारी	सामान्य प्रकृति का काम।
7	कार्गो संचालन के लिए कोट्टापुरम, अलुवा, माराडू, वाइकोम, थानीरमुकम, अलप्पुझा, थ्रिकुन्नापुझा, कायमकुलम और कोल्लम में बर्थिंग सुविधा और कवर्ड गोदामों सहित 9 अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) टर्मिनल, और बोलगट्टी और विलिंगटन द्वीप पर 2 रोल ऑन - रोल ऑफ (रो-रो) टर्मिनल।	पूर्ण	पूर्ण
8	कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), कोच्चि के माध्यम से दो (02) रो- रो जलयान केरल शिपिंग एंड इनलैंड नेविगेशन कॉरपोरेशन, कोचीन (केरल सरकार) के द्वारा बोलगट्टी और विलिंगटन द्वीप के बीच	केरल शिपिंग एंड इनलैंड नेविगेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (केएसआईएनसी), केरल सरकार द्वारा निर्मित और संचालित।	पूर्ण

	संचालित)		
9	विभिन्न आईडब्ल्यूएआई टर्मिनलों पर नौ स्वचालित ज्वार मापक स्थापित किए गए हैं।	पूर्ण	पूर्ण
10	जलयानों के 24 घंटे सुरक्षित नौचालन के लिए 312 नेविगेशनल बॉय तथा बीकन लैंप पोस्ट (17)	पूर्ण	पूर्ण
राष्ट्रीय जलमार्ग - 8 और 9 (केरल)			
11	जलयानों के 24 घंटे सुरक्षित नौचालन के लिए, रा. ज. -8 (15) और रा. ज.-9 (25) पर नौचालन बॉय	पूर्ण	पूर्ण
12	हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण और जलमार्ग सूचनाओं का प्रकाशन।	जारी	सामान्य प्रकृति का काम

*****